पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———

राजभवन, उत्तर प्रदेश और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

————

राज्यपाल ने क्रिकेट मैच का आनन्द लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया

———

लखनऊ 28 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन के स्थित बड़ा लान में राजभवन, उत्तर प्रदेश और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के मध्य 12–12 ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए 11.2 ओवर में 69 रन बनाकर राजभवन की टीम को जीतने के लिए 70 रन का लक्ष्य रखा।

राजभवन की टीम ने निर्धारित विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए 11.4 ओवर में 43 रन बनाये। परिणामस्वरूप वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने अपने कुशल खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण इस रोमांचकारी मैच को जीतकर राजभवन टीम को 26 रन से पराजित कर दिया।

राज्यपाल जी ने इस रोमांचक मैच का आनन्द लिया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्द्धन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी खिलाड़ियों के कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए समय–समय पर ऐसी अनूठी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

कराती रहती हैं, ताकि खिलाड़ियों के अन्दर खेल भावना सदैव बनी रहे। राज्यपाल जी द्वारा यह एक मैत्री खेल का आयोजन कराया गया।

राज्यपाल जी द्वारा उभरते खिलाड़ियों की आशा को प्रेरित करने के साथ, उनकी कल्पनाओं को उड़ान भरने का कार्य शुरू से ही सतत रूप से किया जाता रहा है। राज्यपाल जी अपने मार्गदर्शन की रोशनी से खिलाड़ियों की खेल भावना को जागृत करती हैं तथा उनके द्वारा कराये गये ऐसे अनूठे खेल आयोजनों से निःसंदेह खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है।

आज के टूर्नामेंट में की गयी धारा प्रवाह कमेंट्री का पूर्ण श्रेय राजभवन के खेल मैनेजर/कमेंट्रेटर श्री जमाल सिद्दीकी को जाता है, जिन्होंने रोचक एवं बेहतरीन अंदाज में प्रतियोगिता के क्षण–प्रतिक्षण के पलों को बताया।

इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो0 निर्मला एस0 मौर्य, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर क्रिकेट टीम मैनेजर श्री रजनीश तथा राजभवन और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

——————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (77/77)
सम्पर्क सूत्र 9044381834